दुष्कर्म — मुड़वारा स्टेशन में उतरी थी मानसिक रूप से बीमार महिला, मंदिर दर्शन कराने का प्रलोभन देकर ले गया था ऑटो चालक

# ट्रेन से उतरी महिला से गैंगरेप, ऑटो चालक गिरफ्तार




**नवभारत, कटनी।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन में ट्रेन छूटने के बाद रास्ता भटकी एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा आरोपी पुलिस पकड़ से दूर है, जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम में गुरूवार को इस घटना का खुलासा करते हुए कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि 14 जून 2026 की है। पीड़िता अपने बच्चों के साथ हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से छत्तीसगढ़ जाने के लिए हीराकुंड एक्सप्रेस में सवार हुई थी। रात लगभग 9 बजकर 45 मिनट पर जब ट्रेन कटनी के मुड़वारा स्टेशन पर रुकी, तो महिला पानी लेने के लिए नीचे उतरी। इसी दौरान ट्रेन छूट गई और वह स्टेशन पर अकेली रह गई। स्टेशन के बाहर भटक रही महिला को एक अज्ञात व्यक्ति ने देखा। उसने महिला को मंदिर दर्शन कराने का झांसा दिया और बहला-फुसलाकर ई-रिक्शा में बैठा लिया। आरोपी उसे रीठी रोड स्थित पीसरा स्टेशन के पास जंगल में ले गया। वहां ऑटो चालक और उसके एक साथी ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। 15 जून की सुबह डायल 112 पर सूचना मिलने पर रीठी पुलिस मौके पर पहुंची। महिला सड़क किनारे बैठी मिली और मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कुछ भी बताने में असमर्थ थी। पुलिस ने उसे शासकीय अस्पताल रीठी में भर्ती कराया और परिजन को सूचित किया। भाई के आने के बाद वह महिला को इलाज के लिए दिल्ली ले गया। दिल्ली में इलाज के बाद जब महिला की मानसिक स्थिति सामान्य हुई, तब उसने अपने साथ हुई आपबीती भाई को बताई। इसके बाद दिल्ली के सफदरजंग थाने में मामला दर्ज किया गया, जहां से केस डायरी कटनी जिले को भेजी गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। रीठी थाने में 15 जुलाई को मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। घटना एक माह पुरानी और आरोपी अज्ञात होने के कारण पुलिस के लिए यह मामला बेहद चुनौतीपूर्ण था। रीठी पुलिस ने लगातार प्रयास करते हुए जिले के करीब 800 से 900 ऑटो चालकों की स्क्रीनिंग की। तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर रीठी क्षेत्र के जमुनिया निवासी ऑटो चालक दिनेश चौधरी पर संदेह हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर दिनेश चौधरी ने अपना वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी दिनेश चौधरी को गिरफ्तार कर उसका ऑटो जब्त कर लिया है। पुलिस अब न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर इस मामले में शामिल दूसरे अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है। कार्रवाई में रीठी थाना प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद शाहिद, उप निरीक्षक दिनेश चौहान और साइबर सेल की टीम की मुख्य भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ कमल मौर्य और उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है।



# बाघों के नए कॉरीडोर के रूप में उभर रहा जिले का जंगल

**लगातार दर्ज की जा रही है 14 बाघों की मौजूदगी**

**नवभारत, कटनी।** जिले के जंगल अब बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलने वाले युवा बाघों की नई पनाहगाह बनते जा रहे हैं। वन विभाग के अनुसार जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में वर्तमान में 14 बाघों की सक्रिय मौजूदगी दर्ज की गई है। बाघों की बढ़ती संख्या से कटनी वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से महत्वपूर्ण क्षेत्र बनकर उभर रहा है। वन विभाग के अनुसार कटनी वन मंडल के बरही-बड़वारा क्षेत्र में 12 बाघों की नियमित गतिविधि दर्ज की गई है। वहीं विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा के शाहडार जंगल सहित आसपास के क्षेत्रों में दो अन्य बाघ मौजूद हैं। बरही-खितौली और बड़वारा का करीब 9 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र बाघों का प्रमुख कॉरिडोर बन गया है। इनमें अकेले कुआं बीट में आठ बाघों का नियमित मूवमेंट देखा जा रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रक्रिया डिस्पर्सल कहलाती है। वयस्क होने पर युवा नर और मादा बाघ नए क्षेत्र की तलाश में अपने मूल जंगल से निकलते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बफर जोन से निकलकर कई बाघ कटनी के जंगलों तक पहुंचे हैं। यहां पर्याप्त भोजन, पानी और सुरक्षित वातावरण मिलने के कारण उन्होंने अपना नया इलाका बना लिया है। वन अधिकारियों के अनुसार कटनी के जंगल बाघों के लिए अनुकूल हैं। यहां चीतल, सांभर, जंगली सूअर और नीलगाय जैसे शिकार पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। तेंदुआ, भालू और मोर जैसे अन्य वन्यजीवों की मौजूदगी भी स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत मानी जा रही है।

## एक नजर में

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला आज

**नवभारत, कटनी।** रोजगार की तलाश में जुटे जिले के युवाओं के लिए 31 जुलाई को कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में देश और प्रदेश की प्रतिष्ठित और नामचीन निजी कंपनियां शामिल होकर 1773 रिक्त पदों पर युवाओं का चयन करेंगी। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, झिंझरी, जिला जेल के पीछे, कटनी में शुक्रवार 31 जुलाई को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होने वाले इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां अपनी आवश्यकता के अनुसार योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। युवा संगम' में रोजगार के अवसरों का दायरा व्यापक रखा गया है। मशीन ऑपरेटर, अप्रेंटिस, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, फील्ड डेवलपमेंट ऑफिसर, इंजीनियरिंग, सेल्स एग्जीक्यूटिव, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर, एचआर, सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता, संबंधित पद के अनुरूप लगभग 12 हजार रुपए से ?30 हजार रुपए प्रतिमाह तक वेतन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं के साथ-साथ सामान्य शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवाओं रोजगार मिलेगा।

# अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे छात्र

**एनएसयूआई ने की पुल बनाने, सुरक्षित कक्षाएं लगाने की मांग**




**नवभारत, कटनी।** जिले की बड़वारा विधानसभा के ढीमरखेड़ा तहसील में जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित होने, पुल नहीं होने से नदी-नाले पार कर स्कूल जाने को मजबूर छात्रों की सुरक्षा के लिए एनएसयूआई ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। एनएसयूआई के छात्र नेता अवध सिंह यादव के नेतृत्व में गुरुवार को ढीमरखेड़ा तहसीलदार को यह ज्ञापन सौंपा। इ ज्ञापन में ग्राम पंचायत ललितपुर के सगमा गांव की स्थिति को प्रमुखता से उठाया गया। आजादी के दशकों बाद भी यह गांव मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षित आवागमन व्यवस्था नहीं है। बारिश के मौसम में नदी उफान पर होने के कारण बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल जाते हैं। छात्र संगठन ने बताया कि इस नदी पर पुल निर्माण के लिए लगभग 11 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जुलाई 2024 में भारी बारिश के कारण पूरा इलाका जलमग्न हो गया था। ठेकेदार और संबंधित विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा अब स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। यह स्थिति किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है। एनएसयूआई ने प्रशासन से तत्काल इस समस्या पर ध्यान देने और अधूरे पुल का निर्माण पूरा कराने की मांग की है ताकि सुरक्षित आवागमन मिल सके। एनएसयूआई ने मुख्य रूप से मांग रखी है कि सगमा गांव में स्वीकृत पुल का निर्माण कार्य बिना किसी देरी के तत्काल प्रभाव से शुरू कर जल्द पूरा कराया जाए, निर्माण कार्य में हो रही देरी की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# बिजली कटौती से ग्रामीणों को हो रही परेशानी, आंदोलन की चेतावनी

**बिजली संकट से ग्रामीण परेशान, सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम झिन्ना पिपिरिया में लंबे समय से जारी बिजली की अनियमित आपूर्ति और बार-बार आ रही तकनीकी खराबियों से परेशान ग्रामीणों का सब्र अब टूट चुका है। बिजली की लचर व्यवस्था और रोज-रोज की समस्याओं से निजात पाने के लिए झिन्नपिपिरिया और आसपास के ग्रामीणों ने एकजुट होकर अधीक्षण अभियंता, मप्रपूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत पत्र के अनुसार वर्तमान में ढीमरखेड़ा पावर हाउस से लगभग 11 गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। इस लंबी और ओवरलोडेड लाइन के कारण आए दिन बिजली में 'फाल्ट' की समस्या पैदा हो जाती है, जिससे पूरे झिन्नपिपिरिया गांव की बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाती है। पत्र में बताया गया कि झिन्नपिपिरिया एक बड़ा कस्बा है, जिसमें लगभग 3000 से 3500 घर हैं और इससे सटा हुआ केवलारी गांव भी जुड़ा हुआ है। बिजली की भारी कटौती और आए दिन की समस्याओं के कारण गांव में रहने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो रही है। बिजली न रहने से पूरे क्षेत्र में ग्रामीणों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने अधीक्षण अभियंता और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि ग्राम झिन्नपिपिरिया और केवलारी को मिलाकर एक अलग विद्युत फीडर स्थापित किया जाए, ताकि गांव को सुचारू और बिना रुकावट के बिजली मिल सके। ग्रामीणों ने ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि निश्चित समयावधि के भीतर अलग फीडर स्थापित करने का कार्य पूरा नहीं किया जाता है, तो समस्त ग्रामवासी उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान राकेश त्रिपाठी, रमेश पटेल, गणेश सोनी, दीपक तिवारी, निरंजन, अनिल पटेल, जसवंत सिंह, आदर्श, रविकांत दुबे, साहिल यादव, प्रभु दयाल सोनी सहित अधिक से अधिक संख्या मूं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई गुरू पूर्णिमा, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

**उमरियापान क्षेत्र के आश्रमों में मनाया गया पूर्णिमा महोत्सव**



**नवभारत, उमरियापान।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के समापन अवसर पर उमरियापान क्षेत्र के विभिन्न आश्रमों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने गुरुजनों का पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे में गुरु प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य माना। उमरियापान के समीप स्थित भरभरा आश्रम में संत श्री 1008 बनवारीदास महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकीर्तन, गुरु वंदन, भंडारे का आयोजन हुआ।

काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। सैलेश्वर धाम में भी गुरु वंदना, पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। लोढ़ा धाम में भी श्रद्धा और भक्ति के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। यहां भी भक्तों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं भटिया धाम में भी श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया। भक्तों ने गुरु प्रसाद एवं भंडारे में शामिल होकर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने जीवन को धन्य बताया। क्षेत्र के सभी आश्रमों में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और गुरु महिमा का गुणगान होता रहा। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।



# नैतिक मूल्यों के विकास के लिए की गई अभिनव पहल

**मातृभूमि रत्न समारोह में मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान**

**नवभारत, उमरियापान।** मातृ भूमि सेवा समिति, भुड़सा के सौजन्य से सत्र 2025-26 के अंतर्गत ग्राम भुड़सा के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को 'मातृभूमि रत्न' सम्मान एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 5 की प्रियंका नामदेव, कक्षा 8 की श्रेया साहू, कक्षा 10 की रुक्मणि प्रजापति तथा कक्षा 12 के पंकज कुमार कुशवाहा शामिल रहे। समिति के अध्यक्ष निरंजन सिंह चौहान, सचिव आचार्य राजा भैया सोनी एवं कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य राजा भैया सोनी के संयोजन में श्री माता-पिता महाशक्ति धाम, भुड़सा में निरंजन सिंह मणीराज सिंह चौहान द्वारा अपने पूर्वज स्वर्गीय करण सिंह और स्वर्गीय दुलारी बाई की पुण्य स्मृति में श्री गणेश जी महाराज की प्रतिमा, रमेश कुमार गुप्ता, नीरज कुमार गुप्ता द्वारा स्वर्गीय सोहनलाल, स्वर्गीय रामरती बाई की स्मृति में वेदमाता मां गायत्री की प्रतिमा की स्थापना कराई गई । इस अवसर पर आचार्य राजा भैया सोनी ने कहा कि आगामी पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का विकास, पूर्वजों, माता-पिता और बड़े-बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह अभिनव पहल की गई है। उन्होंने बताया कि इस नवाचार को ग्रामीणों का व्यापक समर्थन मिल रहा है और आने वाले वर्षों में इसे और अधिक भव्य रूप देने का प्रयास किया जाएगा । कार्यक्रम में संतोष प्रजापति, इन्द्रजीत तिवारी, संतोष गुप्ता, रामदेव मिश्रा, संस्कार सोनी, अमृतलाल साहू, बलराम नामदेव, रवीन्द्र सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# शहर के प्रमुख मंदिरों, मुख्य मार्गों में करें सफाई और प्रकाश व्यवस्था

**महापौर ने की पर्वों की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** वर्तमान वर्षा ऋतु और आगामी सावन, रक्षाबंधन सहित विभिन्न धार्मिक और सामाजिक पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं, नागरिकों को सुरक्षित, सुगम, निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम की विद्युत शाखा के कार्यों की समीक्षा बैठक को महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर की विद्युत और प्रकाश व्यवस्था के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि आगामी पर्वों के दौरान शहर के प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त, गुणवत्तापूर्ण प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं, आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक विद्युत सामग्री औरप संसाधनों की उपलब्धता पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान बंद पड़े विद्युत प्वाइंटों को जल्द चालू कराने, आवश्यक स्थानों पर विद्युत पोलों में तार खिंचवाने, मंदिरों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाने, विद्युत व्यवस्था से संबंधित लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि पर्वों के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए। बैठक में सहायक यंत्री आदेश जैन, उपयंत्री मोना करेरा और शैलेन्द्र प्यासी सहित विद्युत शाखा के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

## चार श्रम संहिताओं के मसौदे के लिए समिति गठित

**नवभारत, कटनी।** केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं के अंतर्गत म.प्र शासन, श्रम विभाग द्वारा समुचित सरकार के रूप में चार राज्य नियमों को लागू किया जाना है। श्रम विभाग द्वारा मध्यप्रदेश वेतन संहिता नियम 2026, मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध नियम 2026, मध्यप्रदेश सामाजिक सुरक्षा नियम 2026 और मध्यप्रदेश उपजीविका जन्य, सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा नियम 2026 राज्य नियमों के प्रारूप तैयार किए गए हैं। नियमों को अंतिम मसौदा प्रस्तुत करने के राज्य शासन ने समिति बनाई है।

महोत्सव — महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय में पूरी आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरू पूर्णिमा महोत्सव

# गुरूओं की परंपरा, गुरू का ज्ञान, गुरू की महिमा से जुड़ा है गुरू पूर्णिमा महोत्सव



**नवभारत, कटनी।** महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय और महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ करौंदी के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के पतंजलि यज्ञ मंण्डपम में गुरू पूर्णिमा महोत्सव वैदिक गुरू परम्परा के अनुसार गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सलाहाकार और पूर्व कुलसचिव अरविंद सिंह राजपूत, कुलसचिव संदीप शर्मा, निदेशक डॉ श्रीमती नमिता पाठक, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ प्रभारी अरविंद सिंह, रतिभान सिंह, बिजौरी परिसर के प्रभारी राजकुमार श्रीवास्तव ने वैदिक गुरू परम्परा पूजन और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वैदिक परम्परा अनुसार वैदिक विद्वानों द्वारा चारों वेदों और श्री गणेश अथर्वशीर्ष का सस्वर पाठ कर वैदिक ऋचाओं के दिव्य अनुगूँज से समस्त श्रोताओं के अर्न्तमन में ज्ञान शान्ति सदभाव और मंगलभावना का संचार कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव और प्रशासनिक सलाहकार अरविन्द सिंह राजूपत ने जगदगुरू अंनतश्री विभूषित शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मनन्द सरस्वती महाराज, परम पूज्य महर्षि योगी के चरणों में नमन करते हुए कहा कि गुरूपूर्णिमा का यह पावन पर्व गुरूओं की परंपरा, गुरू का ज्ञान, गुरू की महिमा से जुड़ी हुई है, आज का यह दिन भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा को नमन करने का दिन है जिसने सदैव गुरू को ईश्वर से भी श्रेष्ठ स्थान दिया है। उन्होंने महर्षि जी के समस्त शिष्यों का संकल्प दिलाया कि वे महर्षि प्रणीत भावातीत ध्यान के नियमित अभ्यास से अपने जीवन को सफल बनाएं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव संदीप शर्मा ने कहा कि गुरु वह है जो अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाए। विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ नमिता पाठक ने परम पूज्य ज्योतिर्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती महाराज के श्रीचरणों में प्रणाम करते हुए कहा कि आज का दिन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि कृतज्ञता, समर्पण और आत्मचिन्तन का महापर्व है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है कि श्रीगुरूपूर्णिमा के इस पावन अवसर पर भारत के केन्द्र बिंदू में ब्रह्मस्थान करौंदी में महर्षि जी की दिव्य सत्ता और आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए एकात्रित हुए है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने परम पूज्य महर्षि जी और गुरूदेव को स्मरण करते हुए उनके ज्ञान और सद्विचारों को मानव जाति के कल्याण के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। श्री गुरूपूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।




